पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-21 सोमवार, दिनांक-18 मार्च, 2013 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2702 एवं 2715 क्रमशः सूचना प्रावैधिकी विभाग एवं कृषि विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2705 एवं 'ग' 2707 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 56 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(ii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iv) श्री जनक सिंह
(v) श्रीमती वीणा देवी
(vi) श्री विजय कुमार सिन्हा
(vii) श्री ललित कुमार यादव
(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ix) श्री गोपालजी ठाकुर
(x) श्री विनय बिहारी
(xi) श्री प्रेमरंजन पटेल
(xii) श्री कुमार शैलेन्द्र

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से सम्बंधित दिनांक 07.03.2013 एवं 14.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग से संबंधित दिनांक 15.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । आसन द्वारा निदेश दिया गया कि एक माह के अन्दर इसकी जाँच कर प्रतिवेदन दें ।

(iii) मा० सदस्य श्री शिवेश कुमार एवं अन्य सभासदों का गृह विभाग / शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 15.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री गृह विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(v) मा० सदस्य श्री अमरनाथ गामी एवं अन्य सभासदों का उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[4] **समितियों का गठन** :-

मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का वर्ष 2013-14 के गठन के लिए मा० अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को अधिकृत करने एवं इन समितियों के सह-सदस्यों के लिए बिहार विधान परिषद् से क्रमशः 4, 6 एवं 3 मा० सदस्यों को मनोनीत करने के लिए बिहार विधान परिषद् को अधिकृत करने से संबंधित क्रमशः दो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

[5] **याचिकाओं का उपस्थापन** :-

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 112 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

(समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक)

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] **वित्तीय कार्य** :-**वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान** :-

मा० प्रभारी मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग श्री गिरिराज सिंह द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की पशु एवं मत्स्य संसाधन नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डॉ० दाऊद अली
(ii) श्री ललित कुमार यादव
(iii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री रामधनी सिंह
(vi) डॉ० मुहम्मद जावेद
(vii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(viii) डॉ० रणविजय कुमार
(ix) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

माननीय प्रभारी मंत्री पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग श्री गिरिराज सिंह द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर के दरम्यान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 19 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 19.03.2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-18.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।